भारत सरकार

श्रम और रोजगार मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 264

बुधवार, 3 फरवरी, 2021 / 14 माघ, 1942 (शक)

रोजगार/बेरोजगारी संबंधी आंकड़े

264. श्रीमती फूलो देवी नेतम:
श्री राजमणि पटेल:

क्या **श्रम और रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार के पास वर्ष 2016-17 में देश में बेरोजगारी के स्तरों संबंधी आंकड़े उपलब्ध हैं;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और क्या छठवें वार्षिक रोजगार-बेरोजगारी सर्वेक्षण के माध्यम से एकत्रित वर्ष 2016-17 के आंकड़े इसमें शामिल किए गए हैं;
(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;
(घ) क्या सरकार 2016-17 को अवधि के बेरोजगारी संबंधी आंकड़ों को सार्वजनिक करना चाहती है;
(ङ) यदि हां, तो संभावित तिथि सहित तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और
(च) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

श्रम और रोजगार मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)

(श्री संतोष कुमार गंगवार)

(क) से (च): श्रम एवं रोजगार मंत्रालय के संबद्ध कार्यालय, श्रम ब्यूरो ने पारिवारिक इकाई आधारित वार्षिक रोजगार- बेरोजगार सर्वेक्षण (ईयूएस) 2016-17 कराया है तथा उस पर रिपोर्ट जारी की है। इस सर्वेक्षण के अनुसार, 15 वर्ष या उससे अधिक आयु के व्यक्तियों के लिए सामान्य मुख्य एवं सहायक स्थिति यूपीएसएस (पीएस + एसएस) पद्धति के आधार पर श्रम बल के प्रत्येक 1000 व्यक्तियों में से बेरोजगार व्यक्तियों की संख्या के रूप में परिभाषित बेरोजगारी दर 3.9% थी।

******